# AUD में पीजी के लिए 15 तक मौका

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : डॉ. बी.आर. आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली के 28 पोस्टग्रैजुएट (पीजी) कोर्सों के लिए 15 जून तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन (http://www.aud.ac.in) होंगे।

जून आखिर में पहली मेरिट लिस्ट आने की उम्मीद है। ह्यूमैनिटीज, सोशल साइंस, वगैरह के इन कोर्सों के लिए 1491 सीटें हैं। एमए पॉलिटिकल साइंस नया कोर्स है। आंबेडकर यूनिवर्सिटी, दिल्ली कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET-PG) के स्कोर पर मेरिट लिस्ट जारी करेगी। पीजी के लिए मॉनसून सेमेस्टर 28 जुलाई से 13 दिसंबर तक चलेगा।